# कुम्हारी में जगह जगह विराजित जगत जननी माँ अम्बे



निष्पक्ष जांच की मांग, सौंपा ज्ञापन

भूमि- मकान विहीन व्यक्ति पर हुआ मामला दर्ज

# फर्जी राशन कार्ड मामले में धन्नू को बलि का बकरा बनाया गया

**तेंदूखेड़ा। नगर में राशन कार्ड ओर बीपीएल कार्ड मामले में प्रतिदिन नये नये खुलासे हो रहे हैं। अब पुलिस ने धन्नू पाल नामक व्यक्ति को पकड़ा जिसके नाम रिपोर्ट दर्ज हुई है लेकिन उसकी गिरफ्तारी के खिलाफ पाल समाज के लोग बड़ी संख्या में पहले थाने और बाद में तहसीलदार कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच करने और फिर उसके बाद धन्नू को गिरफ्तार करने की मांग की।**

विदित हो कि धन्नू पाल को फर्जी राशन कार्ड मामले में आरोपी बनाया गया है, अधिकारियों के मुताबिक उसके पास जो राशन कार्ड हैं वह गलत है। पुलिस ने पूछताछ के लिए धन्नू पाल को मंगलवार को थाने में बुलाया था। राष्ट्रीय गडरिया महासंगठन के महामंत्री राजेश श्रीपाल ने बताया धन्नू पाल ने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था, पहले पटवारी ने उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया और बाद में जब उसने पैसे दिये तो राशन कार्ड तैयार हो गया, अब उसको दोषी बनाया जा रहा है, जबकि धन्नू के पास न तो भूमि है न खुद का मकान है, मजदूरी करता है, फिर उसका राशन कार्ड पटवारी ने निरस्त क्यों कर दिया था, पहले इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाये। जिन पटवारियों ने सक्षम लोगों को पात्र किया है उन पटवारियों पर पहले कार्यवाही की जाये। मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, जनपद सदस्य संतोष पाल भी मौजूद थे, उनके साथ धन्नू पाल के पिता कक्कू पाल ने बताया मेरे पास मात्र सवा एकड़ जमीन है, तीन पुत्र हैं, सभी की शादी हो चुकी है धन्नू पाल अलग रहता है न उनके नाम पर मकान है न कोई भूमि है तो उसके आवेदन को पटवारी ने कैसे निरस्त कर दिया था।



### बड़े स्तर पर होगा प्रदर्शन

गडरिया संगठन के बड़े बड़े पदाधिकारी बुधवार को तेंदूखेड़ा पहुंचे उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन देकर कहा कि पहले तो उस पटवारी की जांच कराई जाये जिसने धन्नू को अपात्र किया, यदि पटवारी की प्रकिया सही है तो फिर सभी पात्रों की जांच हो, तत्काल में धन्नू को थाने से रिहा करवाया जाये क्योंकि वह आरोपी नहीं है उसने पैसे देकर कार्ड बनवाया था और कार्ड का आदेश तहसील कार्यालय से जारी हुआ था, जांच करवाई जाये उसके बाद यदि धन्नू दोषी पाया जाता है तो उसको गिरफ्तार किया जाये। यदि धन्नू बिना जांच के जेल जाता है तो गडरिया समाज बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगी और जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा।

**इनका कहना है-**

अर्पित बड़कुल ने नामजद शिकायत की थी, जांच में धन्नू पाल को पटवारी प्रतिवेदन में 19 अंक मिले है जो अपात्र की श्रेणी में आता है, उसके बाद उसका राशन कार्ड बनाने तहसील कार्यालय से आदेश आया था जांच में वह आदेश फर्जी निकला है इसलिए प्रथम दृष्टि में धन्नू पाल पर मामला दर्ज कराया गया है, आगे पुलिस जांच कर रही है।

**मनीष बागरी जनपद सीईओ**

मामले में धन्नू पाल भूमि और आवास हीन जरूर है किंतु उसका भरण पोषण होता है, पटवारी रिपोर्ट के अनुसार उनके पास 6 जोड़ी कपड़े के साथ टी व्ही और अन्य सुविधा है, जिसके चलते पटवारी ने उसको अपात्र किया था। नियमानुसार राशन कार्ड के लिए वह व्यक्ति पात्र है जिसके पास दो टाइम के भोजन की व्यवस्था नहीं है, पहनने को कपड़े नहीं है। आवेदन आया है जांच की जा रही है।

**डा. विवेक व्यास, तेंदूखेड़ा तहसीलदार**

## सेवा पखवाड़ा के तहत बटियागढ़ और हटा में तहसीलदारों ने किया वृद्धों का सम्मान

नवभारत,दमोह। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बटियागढ़ के केरबना गांव में तहसीलदार योगेंद्र चौधरी ने रानीबहू पति जगत सिंह का पुष्प मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया। इसी प्रकार हटा में तहसीलदार आलोक जैन और नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बुजुर्गों का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और अधिकारियों ने वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया।





## भजन संध्या का आयोजन हुआ

### कुम्हारी के माता सिंह वाहनी मंदिर परिसर में कार्यक्रम



**कुम्हारी। थाना परिसर मे भजन संध्या का आयोजन नवरात्रि पर्व पर लोक गीत कलाकार महेंद्र दुबे हंसमुख सहयोगी टीम द्वारा कार्यक्रम का आगाज वंदना गाकर शुरू हुआ थाना प्रभारी ब्रजेश पांडेय सहित थाना स्टॉफ, एवं ग्रामीण जन उपस्थित।** नवरात्रि का पर्व आस्था श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है मातृशक्ति पर समर्पित 9 दिन का त्यौहार जहां भक्त श्रद्धालु सुबह से माता रानी के मंदिरों में, देवालय में,पहुंचकर माता रानी का पूजन करते हैं जल अर्पित करते हैं पंडालो में विराजमान प्रतिमा भक्तों के द्वारा सुबह-शाम आरती का आयोजन होता है वही 9 दिन तक दुर्गा सप्तशती पाठ करने का विधान माना जाता है माता रानी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं संकट से मुक्ति देती है! भक्त माता रानी को प्रसन्न करने के लिए तरह-तरह की जतन करते हैं पैदल धाम यात्रा, दंडवत करते हुए, व्रत, उपवास, भजन, आदि करते है।





# तहसील ग्राउंड पर रावण का पुतला धू-धू कर जला

**नवभारत, न्यूज दमोह**.शहर के तहसील ग्राउंड पर बुधवार की रात 10.30 बजे रावण दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ.जहां मोरगंज गल्ला मंडी से श्री राम जी का दल तहसील ग्राउंड के लिए निकला, जो घंटाघर पर लंकेश चाय वालों ने पूजन कर लस्सी पिलाई.इसके उपरांत बकौली चौराहा से होते हुए तहसील ग्राउंड पहुंचा. जहां भगवान श्री राम और सेना का स्वागत सत्कार पूजन हुआ. उसके उपरांत श्री राम भगवान ने अपने वाण से रावण का वन किया. जहां पुतला धू-धू कर जलता रहा. यह कार्यक्रम श्री राम जी सेवा समिति दमोह के द्वारा किया गया.एड.अनुनय श्रीवास्तव ने बताया कि समिति के अध्यक्ष महामहिम पवन पुत्र श्री हनुमान जी के सानिध्य में प्रभु श्री राम जी की सेवा के साथ श्री राम रावण युद्ध हुआ. आसमान पर रंगीन आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण का दहन किया गया. इस दौरान रावण दहन कार्यक्रम में दमोह के विधायक जयंत मलैया,कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी, डीएफओ ईश्वर जरांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व विधायक अजय टंडन, अध्यक्ष मानक पटेल के अलावा एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ढाकरे,सीएसपी एचआर पांडे, मनीष कुमार, एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार रॉबिन जैन, अनुनय श्रीवास्तव, अमर सिंह, प्रभात राजपूत, नरेंद्र बजाज, मंत्री पुत्र लखन पटेल,मालती असाटी,सुनील राय,मोंटी रैकवार सहित दमोह के पुलिस प्रशासनिक अधिकारी गण, कर्मचारी, भारी संख्या में पुलिस फोर्स, शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों जन का सैलाब, फायर बिग्रेड,एंबुलेंस होमगार्ड विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग रूप से मौजूद रहा. बता दें कि रावण दहन एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है, जो दशहरा के अवसर पर मनाया जाता है. यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, जब भगवान राम ने रावण का वध किया था.

**रावण दहन का महत्व बुराई पर अच्छाई की जीत**- रावण दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, जो भगवान राम की जीत के रूप में मनाया जाता है.

**प्रतीकात्मक अर्थ**- रावण का दहन बुराई के नाश और अच्छाई के उदय का प्रतीक है.रावण दहन का आयोजन सामाजिक एकता और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देता है. रावण दहन एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है.

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी (दमोह शहर में विराजमान अलग-अलग स्वरूप में देवी प्रतिमाएं) प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी



नवभारत,मां कल्याणी एकता दुर्गा उत्सव समिति बड़ापुल (वर्मा डॉक्टर)।



नवभारत, उमा मिस्त्री तलैया। दमोह



नवभारत, श्री संकट मोचन हनुमत धाम बजरिया वार्ड।



नवभारत,श्री श्री 1008 दादा ठन ठन पाल दुर्गोउत्सव समिति धरमपुरा।



नवभारत, रेल्वे ब्रिज बजरंग अखाड़ा लोको



नवभारत, जय माँ शारदा दुर्गोत्सव समिति लोको



नवभारत,दुर्गा उत्सव समिति काचौरा शॉपिंग सेंटर बस स्टैंड।



नवभारत, असाटी वार्ड 2 कपिल सोनी



नवभारत, गाड़ी खाना पलंदी मार्ग चौराहा मां शक्तिदात्री दुर्गा उत्सव समिति।



नवभारत,सागर नाका दुर्गा उत्सव समिति, अध्यक्ष महेंद्र कुमार शिल्पकार।



नवभारत, महागौरी दुर्गा उत्सव समिति बड़ापुल।



नवभारत, महाकाली चौक दमोह।

(विनय असाटी ब्यूरो प्रमुख दमोह) **जय अम्बे जगदम्बे, दुर्गे भवानी माँ** (राम सेन फोटो ग्राफर दमोह)



नवभारत, पहाड़ा वाली माता, जटाशंकर।



नवभारत,जय मां अंबे दुर्गा उत्सव बजरिया- 6 जटाशंकर।



नवभारत, पालकी वाली माता जटाशंकर।



नवभारत, मंगल भवन जटाशंकर।



नवभारत,ट्रेनिंग सेंटर जटाशंकर।



नवभारत,मां मंगला माता सवा लाखमानस पाठ।



नवभारत,चैनपुरा की देवी मां।



नवभारत,श्री बजरिया बजरंग अखाड़ा उत्सव।



नवभारत, महाराणा प्रताप स्कूल दमोह।



नवभारत,शिवाजी स्कूल (इंद्रा कालोनी)।



नवभारत, रानी दुर्गावती स्कूल दमोह।



नवभारत,। मां खंड ज्योति दुर्गा उत्सव समिति सब्जी/मवेशी बाजार



सुखसागर, जबलपुर नाका दमोह



पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर न्यू दमोह में विराजमान प्रतिमा

भक्ति की अलख, सबसे अलग नवभारत परिवार के साथ